Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 30-04-2023 अंक 555

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### पिपराडीह रेलवे स्टेशन से सव बरामद, हत्या की आशंका



**अपेम लाइव चंदवारा**

कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन के समीप एक अज्ञात शव को बरामद किया गया। जिसकी सूचना पिपराडीह स्टेशन में कार्यरत आरपीएफ जवान के द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी गई जहां मृतक की पहचान बबलू मोदी उम्र 37 साल जयनगर निवासी के रूप में की गई मृतक अपने बहन के यहां रह कर चंदवारा पुराना थाना के समीप फल विक्रेता के रूप में कार्य करता था शनिवार रात किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा फोन करके उसे घर से बाहर आने को कहता है इसी बीच सुबह उक्त व्यक्ति का शव पिपराडीह स्टेशन रेलवे ट्रैक के समीप से बरामद किया जाता है स्थानीय थाना प्रभारी नीतीश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर भेज दिया तथा इस घटना को सुनकर आसपास के लोग काफी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे वही परिवार वालों ने इसे हत्या का मामला बताया है तथा पुलिस प्रशासन से जांच की मांग किया।

### डिवाइडर तोड़कर सड़क पर पंहुची पेट्रोलिंग ट्रेन, बड़ा हादसा टला



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित टोरी रेलवे स्टेशन के पास रविवार को पेट्रोलिंग ट्रेन डिवाइडर तोड़कर सड़क पर पंहुच गई ।जिससे वहां अफरा-तफरी मच गया। हालांकि इस घटना में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है ।इस हादसे से एनएच 99 पर लगभग एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही ।इधर पेट्रोलिंग ट्रेन बेपटरी होने की सूचना मिलते ही रेलवे के वरीय अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पेट्रोलिंग करके वापस लौटने के दौरान हुआ हादसा रेलवे पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी रेलवे के पेट्रोलिंग वैगन से बालूमाथ की ओर पेट्रोलिंग करने गयी थी ।पेट्रोलिंग करके वापस टोरी रेलवे स्टेशन स्थित सेटरिंग यार्ड में आने के दौरान अचानक ट्रेन डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क पर दौड़ने लगी ।इस घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया ।दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन रेलवे क्र०सिंग से थोड़ी दूर पर जाकर रुक गयी ।इस हादसे की वजह से एनएच 99 पर लगभग एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**

झुमरी तिलैया से हजारीबाग जाने के क्रम में एक बाइक पर सवार महिला तिलैया रोड ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घायल महिला सरोज देवी (45) पति महेश ठाकुर को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथ. मिक उपचार कर हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बसरिया में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की कलश यात्रा से शुरुआत

### ईश्वर से जुड़ने का मार्ग है महायज्ञ : मनोज यादव





**अपेम लाइवः चौपारण किशोर राणा**

बसरिया एन वाई एस प्रांगण में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ रविवार को आरंभ हो गया। कलश यात्रा वैदिक मंत्रोच्चार और ईश्वर के आह्वान के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा और देवताओं के आह्वान के साथ आरंभ हुआ। यज्ञाचार्य अरुण इंद्रगुरु ने मंत्रों का उच्चारण कर सभी कलशधारीयों को प्रेरित किया। कलशयात्रा में शामिल पूर्व विधायक मनोज यादव समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को यज्ञ समिति ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि ईश्वर के साथ सीधा जुड़ने में महायज्ञ श्रेष्ठ माध्यम है। जहां भी महायज्ञ का आयोजन होता है वहां सात्विक विचार धारा रहती है। लोगबाग केवल ईश्वर आराधना में लीन रहते हैं। सेवा का यह भाव जीवन के हर कोण में सहायक होता है। महायज्ञ से समाज तथा परिवार के हर लोगों पर प्रभु कृपा बरसती है। कलश यात्रा में मुख्य पुजारी दामोदर प्रसाद केशरी सहित लगभग सात सौ एक कलशधारी शामिल हुए जो कि लगभग दस किमी की परिक्रमा कर पवित्र जल का संग्रहण कर यज्ञ मंडप में स्थापित किया। यज्ञ के आयोजन में व्यवस्थापक सुरेश शर्मा व अशोक गोस्वामी, अध्यक्ष लालजी राणा, सचिव किशोरी प्रसाद केशरी, कोषाध्यक्ष हिरामन गुप्ता, उपाध्यक्ष रामलखन प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष दामोदर प्रसाद केशरी सक्रिय सदय लखन शर्मा, हिरामन गुप्ता, प्रकाश शर्मा, विजय प्रसाद दाँगी, पप्पू दाँगी, सुरेश प्रजापति, लखन प्रजापति, देवेन्द्र राणा, दिनेश्वर राणा, कृष्णा कसेरा, पिंटू सोनी सहित अन्य का योगदान है। कलश यत्रा में मुख्यरूप से स्थानीय मुखिया मंजू देवी, भाजपा नेता सुनील साहु, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, जिप सदस्या आरती कौशल, रवि शंकर अकेला, राकेश रंजन, मुखिया पप्पू रजक, मंटू सिंह, रेखा देवी, पूर्व मुखिया राजदेब यादव समेत बडी संख्या में लोग शामिल थे।

## कान्हाचट्टी में रविवार को धूमधाम से मनाया गया संविधान निर्माता की जयंती समारोह

### जयंती समारोह में शामिल हुए राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता

### मंत्री ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया कार्यक्रम की शुरुआत








**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : रविवार को कान्हाचट्टी के पुराना प्रखण्ड सीताराम सायल बगीचे के मैदान में संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेदकर की जयंती पूरे धूम धाम से मनाई गई ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता एवं विशिष्ट अतिथि चतरा मुख्यालय डी एस पी केदार नाथ राम थे। जिन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत कान्हाचट्टी प्रखंड के श्री सीता राम स्याल बगीचा में प्रखण्ड के लोगो के द्वारा आयोजित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इसके उपरांत माननीय मंत्री श्री भोगता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब अम्बेदकर एक प्रसिद्ध दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, समाजसुधारक थे, जिन्होंने भारत में छुआछुत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि छुआछूत को हटाए बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती है। वह भारत में दलितों व पिछड़ों के मसीहा थे। भारत के संविधान निर्माण में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। जिसके चलते उन्हें संविधान का जनक कहा जाता है ।वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यालय डी एस पी केदार नाथ राम ने कहा कि संविधान से ही आज पूरा देश चल रहा है,बाबा साहब ने पिछड़े लोगो को आगे लाने में काफी संघर्ष किये जिसका परिणाम है कि आज पिछड़े लोग आगे आकर अभी कार्य मे अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, पुलिस उपाधीक्षक केदार राम मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र राम,विजय भारती, अरुण कुमार दास, सुनील कुमार, मुखिया धनश्याम पाशी दिनेश राम उपेंद्र राम प्रो. मो.शेरशाह, जीवलाल साहू राजेश राम संजय दांगी महादेव दास समेत कई गणमान्य मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 30-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बरही : 'मन की बात' को खास बनाने के लिए शामिल हुए विधायक सी.पी सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के तहत सौवें संस्करण का आयोजन किया गया। जिसका एपिसोड टीवी चौनल, निजी रेडियो सहित अन्य सामुदायिक रेडियो सहित एक हजार से अधिक प्लेटफार्म पर प्रसारित किया गया। जिसको लेकर बरही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बरही चौक पर भी 'मन की बात' का आयोजन किया गया था जिसे खास बनाने के लिए रांची विधायक सी.पी सिंह, बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। वहीं सी.पी सिंह 'मन की बात' को लेकर कहा की 3 अक्टूबर 2014 को विजयदशमी के दिन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' का शुरुआत किया था जिसे आज तक प्रत्येक महीना भाजपाई इसे त्योहार की तरह मनाते है और जिसका आज सौवां संस्करण भी पूरा कर लिया गया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की भाजपाइयों के लिए 'मन की बात' सिर्फ कार्यक्रम नही है बल्कि भा. जपाइयों के लिए यह आस्था, पूजा और व्रत जैसा है। वहीं इस कार्यक्रम को लेकर भाजपाई सहित अन्य लोगो में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा नेता रितेश गुप्ता, भगवान केशरी, युगल किशोर यादव, सचिन यादव, अशोक यादव, नंदकिशोर कुमार, पप्पू केशरी, आकाश जयसवाल, हरि गुप्ता, भूपेंद्र यादव, राजकुमार यादव, राजकुमार केशरी एवं सोनू केशरी सहित सैकड़ों अन्य भाजपाई मौजूद थे

## शैक्षणिक विकास का मापदंड है सतत मूल्यांकन : प्राचार्य

### जूनियर क्लास के लिए चित्रकला एवं सीनियर क्लास के लिए निबंध प्रतियोगिता का अयोजन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में सतत मूल्यांकन के तहत बच्चो के प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से जूनियर क्लास के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं सीनियर क्लास के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा छठी से अष्टम वर्ग में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसका विषय था 'भारतीय पारंपरिक चित्रकला। जिसके अंतर्गत प्रियम राज दयानंद हाउस, सिद्धि कुमारी दयानंद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा सिंह राजपूत हंसराज हाउस ,संकल्प विश्वकर्मा दयानंद हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवम कुमार दयानंद हाउस ,अश्वनी वशिष्ठ विवेकानंद हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम लल्लन यादव की देखरेख में नीरू कुमारी के द्वारा संपन्न की गई। जज की भूमिका में संध्या सिंह और नीरू कुमारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीनियर क्लास कक्षा नवम से द्वादश वर्ग में हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसका विषय था 'धरती और पर्यावरण को और कैसे बेहतर बनाएं । जिसमें इशिका स्पर्धा एनडी ग्रोवर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपलक्ष्मी कुमारी हंसराज हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा स्वाति दिव्य ज्योति विवेकानंद हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की देखरेख अमित कुमार के द्वारा की गई ।निर्णायक की भूमिका सुनील कुमार केसरी और आलोक सिंह ने निभाई। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सतत मूल्यांकन अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। जिसके बेहतर परिणाम मिलते ही हैं। बच्चो के शैक्षणिक विकास में इस तरह के प्रतियोगिताएं काफी मद. दगार साबित होते हैं। मौके पर कई शिक्षक मौजूद रहे।

## 18 से 21 मई को राज्य स्तरीय एवं 15 जून से 18 जून तक आयोजित होगी राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता

### श्रीदश इंटरनेशनल स्कूल में ड्रैगन बोट प्रतियोगिता को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में ड्रेगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड एवं हजारीबाग जिला ड्रेगन बोट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्त रीय टीम और जिला स्तरीय टीम की ओर से एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस प्रेस कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि रांची विधायक सीपी सिंह एवं भाजपा के प्रदेश मिडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी भी शामिल हुए। इसके अलावा प्रेसवार्ता में ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ ईस्ट जोन चेयरमैन संतोष प्रसाद, जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह, खेल संयोजक आलोक कुमार शामिल रहे। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सह जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह ने विधायक सीपी सिंह को बुके देकर स्वागत किया। प्रेस को संबोधित करते हुए रोहित सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता की तिथि में बदलाव किया गया गया। अब राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिताकरते हुए 15 जून से 18 जून को किया जायेगा। वही राज्य स्तरीय ड्रैगन बोट प्रतियो. गिता का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 18 से 21 मई को जवाहर घाट स्थित जलाशय किया जायेगा। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए ईस्ट जोन के चेयरमैन संतोष प्रसाद ने बताया कि झारखण्ड के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जहां सभी राज्य के प्रतिभागी अपने प्रदर्शन का जौहर दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि हर राज्य से अपनी अपनी टीम आयेंगी। बताया कि पारा ओलंपिक राष्ट्रीय खेल की शुरुआत यही से होगी। जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। उपायुक्त व एसपी हजारीबाग का पूरा सहयोग मिल रहा है। आयोजन समिति की अध्यक्ष उपायुक्त व एसपी कमिटी के उपाध्यक्ष रहेंगे। वही मिडिया को संबोधित करते हुए रांची विधायक सीपी सिंह ने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन का पहल बहुत ही सराहनीय है। इस प्रकार के खेल के आयोजन से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कहा कि खेल को झारखंड सरकार प्रोत्साहित नही कर रही है। क्रिकेट, खो खो, हांकी की तरह सभी खेलो की टीम को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे कि खिलाड़ी का मनोबल बढ़े तथा अपनी प्रतिभा दिखा सकें। कहा की यह सरकार घोषणाएं बहुत करती है। धरातल पर कुछ भी नही है। सरकार आर्थिक लाभ की दृ ष्टिकोण से कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए सीधी नियुक्ति पर काम करने की जरुरत है।

## रांची विधायक सीपी सिंह का बरही में भाजपाइयों ने किया स्वागत

### अपने किए वायदे भी पूरा नहीं कर पा रही है झारखंड सरकार : सीपी सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सीपी सिंह का स्वागत करते भाजपाई

रांची के विधायक सीपी सिंह रविवार को बरही पहुंचे। बरही में भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करते हुए स्थानीय भाजपा नेताओं ने बरही विधान सभा में भाजपा की राजनीतिक स्थिति से अवगत कराया। वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह ने कहा की बरही विधान सभा में भाजपा की संगठ्नात्मक ढांचा मजबूत है। केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं जनता को काफी लाभ पहुंचा रही है। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र की योजनाओं को लाभ दिलाने में संकल्पित है। गणेश यादव ने कहा की बरही विधान सभा में विगत चार सालों में विकास के नाम पर केवल धोखा मिला है। जनता राज्य की हेमंत सरकार से ऊब चुकी है। आगामी विधान सभा चुनाव में एक बार फिर बरही एवं झारखंड में कमल खिलेगा। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा की झारखंड सरकार अपने ही किए वायदों को पूरा नही कर रही है। जिसके वजह से जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। इस बार झारखंड में परिवर्तन तय है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित साहू, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव कटरियार, अंबिका सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कुटीर उद्योग का रूप ले रहा पिपरा में अचार निर्माण

### आचार का निर्माण कर महिलाएं हो सकती है आत्मनिर्भर : सुभाष

**अपेम लाइव : चौपारण**





चौपारण प्रखंड में कई प्रकार के काम कर एक तरफ मुकाम हासिल कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। वही दूसरी तरफ प्रेरणादायक बन लोगो को जागरूक करने में जुटे हुए हैं। इसी का उदाहरण पेश कर रहा है जगदीशपुर पंचायत के ग्राम पिपरा निवासी सुभाष कुमार राणा। इनका जन्म 01 जनवरी 1978 को हुआ। ये 1993 में मैट्रिक और 1995 में इंटरमिडियट तक पढ़ाई किए। शुरू से ही ये सेल्फ बिजनस करने का मन में सपना पाल कर मेहनत कर रहे थे। 1995 के बाद खुद का टीवी रिपेयर का दुकान दिया। जिससे अपने सपने को उड़ान देकर कुछ लोगो को रोजगार उपलब्ध करा सके। जिसमे सफल नही होकर 1998 जीटी रोड़ में फोर लेन का काम आया तो उसमे काम किए, उसके बाद कुछ दिन मुम्बई काम के लिए गए। लेकिन वहां के वातावरण सूट नही किया और घर वापस आना पड़ा। अपने जिन्दगी में बहुत ही उतार चढ़ाव देखते हुए 5 मई 1998 को इनकी शादी हो गई और एक नई जिमेदारी की पारी शुरू हो गई। हर संभव कोशिश कर नए मुकाम पाने में बहुत ही ज्यादा नुकसान हुआ। पूंजी के अभाव हो जाने पर भी घर से सभी का पूरा सपोर्ट मिला। जिसका फल मिला लक्ष्मी पिकल अचार और मसाला का शुरुवात 10 फरवरी 2023 को कम पूंजी मात्र 5000 रुपये से किया। जो आज सके नई मुकाम पर चलना शुरू हो गया है। अचार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रेमचन्द सिन्हा ने खाकर बहुत ही तारीफ करते हुए कहा कि यह एक उपलब्धि है। जिसे महिला मंडल के लोगो को भी प्रशिक्षण देकर आत्म. निर्भर करवाया जा सकता है। सुभाष ने बताया कि इस मुकाम में पत्नी और बच्चों ने भरपूर सहयोग कर रहे हैं। वहीं दूर - दूर से सुभाष राणा को 8674837697 पर फोन कर लोग अचार मंगवा रहे है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का 100 एपिसोड सुना गया

### यह कार्यक्रम हमेशा सद्भावना, सेवा भावना से आगे बढ़ा है : राजेन्द्र प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय भवन में भारत के यशस्वी व लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 संस्करण मन की बात को सुना गया। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात का प्रोग्राम का 100 एपिसोड पूरा कर लिया। मन की बात की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 विजयदशमी के मौके पर मन की बात की यात्रा शुरू की गई थी, विजयदशमी आनी बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व माना जाता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वालों को आज किया गया, स्वदेशी उत्पाद,स्वच्छता, योग फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, सुगम्य भारत, पानी ऊर्जा संरक्षण, अंगदान,आजादी का अमृत महोत्सव, इन सब बातों को जन आंदोलन के रूप में लिया गया। हर एपिसोड में देशवासियों की सेवा और सामर्थ्य को प्रेरणा मिली है। भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देने में मन की बात माला के धागे की तरह है हर एपिसोड में देशवासियों की सेवा और सामर्थ्य प्रेरणा दी है,एक तरह से मन की बात का हर एपिसोड अगले एपिसोड की जमीन तैयार करता है। यह कार्यक्रम हमेशा सद्भावना, सेवा भावना से आगे बढ़ा है, मन की बात से जो शुरुआत हुई, बात देश की नई परंपरा भी बन रही है। ऐसी परंपरा जिसमें सब का प्रयास की भावना दिखती है। जो मन की बात की कामना संभाले हुए हैं। भारत के लोग और भारत में आस्था रखने वाले लोग की प्रेरणा से संभव है। आज समय और शब्द दोनों कम पड़ रहे हैं। मौके पर प्रकाश स०न्गा नरेश प्रसाद, रामजी प्रसाद, अजय कुमार, तिलक यादव, केशो यादव, विकास यादव, जागेश्वर साहू,अनिल कुमार, सकलदेव यादव, मनोज कुमार, मनोज केसरी, कृष्णा प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, योगेंद्र साहू,राजेंद्र प्रसाद, उर्फ राजन प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, प्रदीप कुमार, नंदलाल प्रसाद, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनुमंडलीय साहू समाज के कोषाअध्यक्ष बने राजदेव गुप्ता व बरही प्रखंड अध्यक्ष बने सुनील साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही (हजारीबाग) : अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के बरही अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू ने समिति का विस्तार किया। समिति का विस्तार चौपारण स्थित साहू भवन में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। जिसमें बरही अनुमंडलीय साहू समाज के कोषाध्यक्ष के रूप में बरही के राजदेव कुमार गुप्ता व बरही प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सुनील साहू का चयन किया गया। मौके पर राजदेव गुप्ता व सुनील साहू ने कहा कि जो भी जिम्मेवारी अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा दी गई है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ रहूंगा। वही सुनील साहू ने कहा की बरही में साहू समाज का संगठन कैसे और मजबूत हो, और हमारा समाज कैसे आगे बढ़े इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत रहूंगा। वहीं उन्हा. ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना मेरा पहला लक्ष्य होंगा, ताकि हमारा समाज सही दिशा में विकास के रथ पर आगे बढ़ सके।

## समय की मांग है कि राज्य में अपना फिल्म उद्योग हो : हरिकृष्ण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित द ब्लिश होटल के सभागार में रविवार को चित्रपट झारखण्ड द्वारा आगामी 23 से 25 जून तक राँची में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के उपरान्त मुख्य अतिथि सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि आज जब राज्य में बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है तब मनोरंजन उद्योग के रूप में राज्य को स्थापित करने का प्रयास समय की मांग है।इसके पूर्व विषय प्रवेश करते हुए चित्रपट झारखण्ड के पलामू प्रभारी राकेश रमण ने कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधार बना कर राज्य में सिनेमा का वातावरण बनाने के लिए चित्रपट झारखण्ड का गठन किया गया है। चित्रपट झारखण्ड के राज्य समन्वयक नन्द कुमार सिंह ने आयोजन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज जब हाथ के मोबाइल तक में सिनेमा बनाने की क्षमता आ गयी है तब भी हम रोजगार के इस महत्वपूर्ण अवसर से काफी दूर खडे हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिन सांस्कृतिक मूल्यों के विषयों को लेकर भारतीय सिनेमा की शुरुआत हुई थी, आज उसमें काफी बिखराव दिखने लगा है। उन्होंने आगे बताया कि इस राज्य में जनजातीय समाज की बहुलता है तथा इस राज्य की भाषा, संस्कृति तथा इतिहास भी समृद्ध रहा है।इस वर्ष इसी विषय को केंद्र में रखकर आगामी 23 से 25 जून तक राँची के सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के परिसर में फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राज्य के फिल्मकार मात्र 250 तथा 100 रुपये का शुल्क भरकर प्रतिभागी बन सकते हैं।इस आयोजन की पूरी जानकारी वेबसाइट WWW- chitrap-atjharkhand-org पर उपलब्ध है। साथ ही पोस्टर पर दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन करके भी पूरी जानकारी ली जा सकती है। श्री कुमार ने आगे बताया कि इस महोत्सव में झारखण्ड के फिल्मकारों के लिए कुल मिलाकर दो लाख के पुरस्कार भी रखे गये हैं। राकेश रमण ने बताया कि महोत्सव एवं इसके विषय पर आधारित एक स्मारिका भी इस अवसर पर प्रकाशित की जायेगी जिसमें आलेख भेजे जा सकते हैं। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है तथा इससे राज्य की महिलायें भी सशक्त होंगी ऐसा विश्वास है। कार्यक्रम का संचालन नवीन सहाय तथा राकेश रमण ने किया।मौके पर समाजसेवी चेतलाल रामदास, लालू यादव, शिक्षक सुरेश ठाकुर, विजय, अभिनन्दन राम, रविकान्त भगत, जितेन्द्र भगत, लवकेश उरांव, रिंकू उरांव, सुजीत उरांव, पंकज कुमार, शुकुल उरांव, कुन्दन गुप्ता, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।






## पीएम इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कolेज परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कला किरण संस्था के निदेशक एवं स्काउट एंड गाइड जिला सचिव प्रवीण कुमार जयसवाल , विशिष्ट अतिथि शिक्षक जमुना प्रसाद, शिक्षक व समाजसेवी चंद्रकांत पांडेय, गायक पीयूष पांडे ,कला किरण एवं विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के शिक्षिका अनुराधा कुमारी एवं संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद व प्राचार्य दिनेश कुमार भारती के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित के साथ विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों को माला एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा बारी बारी से सभी कक्षा द्वारा प्रदर्शित किया गया विभिन्न विज्ञान मoडलों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभाएं छुपी हुई है। ये भविष्य के वैज्ञानिक है। इसे निखारने के लिए संस्थान ने प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन के माध्यम से विज्ञान के प्रति इन बच्चों में रुचि जगा रहा है । मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार जयसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय एक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और इस तरह का विज्ञान प्रदर्शनी प्रायः बड़े–बड़े शहर के स्कूल में ही आयोजित होता है ,लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों को वैज्ञानिक बनने में काफी मदद मिलेगा । जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि जमुना प्रसाद ने कहा कि विद्यालय निर्माण से ही संस्था द्वारा बच्चों को प्रतिभा का निखारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है , जो बरकट्ठा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है । जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि एवं श्रीकांत मैथमेटिक्स के निदेशक चंद्रकांत पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि बरकट्ठा जैसे ग्रामीण क्षेत्र के बच्वें का मoडल देखकर काफी प्रभावित हुए हैं। अब हमारे बरकट्ठा से भी बहुत जल्द वैज्ञानिक बनकर देश का सेवा करेंगे । विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण के लिए 5 निर्णयको की नियुक्ति किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ,द्वितीय पुरस्कार कक्षा छठवीं, तथा तृतीय पुरस्कार कक्षा तृतीय सेक्शन ए को बच्चों को दिया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संस्था के प्रबंध निदेशक बिरेंद्र प्रसाद , प्रबंधक राजेश कुमार यादव ,शिक्षक नंदेव कुमार ,बैजनाथ कुमार मंडल, प्रकाश कुमार, सीता कुमारी, आरती कुमारी , नेहा कुमारी , सपना कुमारी ,ज्योति भारद्वाज, पवन कुमार पंडित, शंभू कुमार शर्मा, पूनम कुमारी, काजल कुमारी, मानती कुमारी, योगेश कुमार ,ललिता कुमारी, रूपेश कुमार पांडे ,विजय प्रसाद का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 वें संस्करण को पंचायत और बूथों पर सूना गया

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**




बरवाडीह/लातेहार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वे संस्करण का आयोजन किया गया । प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों और बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सूना गया इस दौरान सभी बूथों पर दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सभी संस्करण को सूना । पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के निर्देश पर जहां प्रखंड के छेचा पंचायत में जीप सदस्यों सन्तोषी शेखर की मौजूदगी में मन की बात को सूना गया।वही मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह और सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव प्राचीन पहाड़ी मंदिर , महामंत्री मनोज प्रसाद चपरी , सांसद प्रति. निधि कन्हाई प्रसाद बभंडी , उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल कल्याणपुर , उपाध्यक्ष सुनील सिंह गढ़वाटoड भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह खुरा , पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वरी सिंह केचकी , महामंत्री प्रदीप सिंह उककामाड सफेद पार्टी के द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए प्रभारियों के नेतृत्व में विभिन्न बूथों में मन की बात सुना गया ।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने किया शताब्दी समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के बैनर तले रविवार को माको डाक बंगला परिसर में शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृंद बिहारी यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीतांबर दास तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संयोजक (छत्तीसगढ़) ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, पूर्व विधायक गोड्डा हृदय आनंद यादव, पूर्व सैनिक नरेंद्र यादव, अजय प्रसाद यादव महासचिव, सत्येंद्र प्रसाद यादव प्रदेश संरक्षक मंजू देवी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश यादव राष्ट्रीय महासचिव जयपुर दरोगी यादव जिला उपाध्यक्ष बलबीर सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव (भोपाल) संजय यादव कोषाध्यक्ष कामेश्वर यादव संरक्षक प्रदीप मेहरा राष्ट्रीय अध्यक्ष (उड़ीसा) राजेंद्र यादव जिला अध्यक्ष मीरा राय प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संयोजक प्रभावती देवी, उषा देवी, प्रमीला देवी, हरिशंकर यादव, पवन यादव, अवधेश यादव, बच्चन यादव, राजधानी यादव, अर्जुन यादव, हरिशंकर यादव, तपेश्वर यादव, कपिल यादव, चंद्रदेव गोप, बलवंत सिंह, बली यादव, सत्येंद्र यादव, कामेश्वर यादव, कृष्णा यादव, रंजन यादव, लक्ष्मण यादव समेत कई अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मौजूद सभी पदधारियों का स्वागत माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। इसके पूर्व परिसदन भवन से रैली निकाली गई, जो मुख्य मार्ग होते हुए माको डाक बंगला परिसर तक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृंद बिहारी यादव ने कहा कि सभी नौ प्रखंड अध्यक्षों ने वीर अहीर शहीदों के कलश यात्रा को हर घर तक पहुंच. ाने का कार्य किया है, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अहीर रेजिमेंट हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे। वहीं, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा भी अहीर रेजिमेंट का गठन करने को लेकर आश्वासन दिया गया था। वर्तमान सरकार से भी अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक अहीर रेजिमेंट का गठन नहीं होगा, तब तक हमारी मांगें जारी रहेंगी। उन्होने बताया कि देश की सेना में 16 से 17 प्रतिशत अहीरों की संख्या होने के बावजूद अहीर रेजिमेंट का गठन नहीं होना सरासर गलत है। गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज को सशक्त बनाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और रोजगारोन्मुख बनकर समाज और देश का हित कर सके। कार्यक्रम को अन्य श्रोताओं ने भी संबो. धित किया। यदुवंशियों ने भारतीय सेना में अहीर रे. जिमेंट का गठन करने, देश स्तर पर जातिगत आधारित जनगणना कराने समेत अन्य मांगें भी उठाई। इस अवसर पर यदुवंशियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यादवों की स्थिति 100 वर्ष पूर्व जो थी उससे आज ऊपर उठ नहीं पाया है। समाज के लोगों को समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समाज को सशक्त बनाने की जरूरत है। राजधानी यादव ने कहा कि यदुवंशियों को जागरूक करने की जरूरत नहीं है। यदुवंशी हर कालखंड में अपना परचम लहराया है। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग मौजूद थे।


## प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में लोगो ने सुना मोदी के 100वां एपिसोड का मन की बात

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के विभिन्न स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम के 100वा एपिसोड सुना गया। मुख्य कार्यक्रम सायल बगीचा में मुख्य रूप से किया गया।जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, सच्चिदानंद सिंह, मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी मंडल उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, महामंत्री शंकर दयाल सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनीता कुमारी महिला महामंत्री रिंकू देवी मंत्री नीलम देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री कमांडो रजक मीडिया प्रभारी प्रिंस केसरी मंडल कोषाध्यक्ष डब्ल्यू केसरी सोशल मीडिया प्रभारी माइकल गोस्वामी नवल सिन्हा प्रकाश राम अवधेश सिंह बच्चु सिंह सिकंदर सिंह पप्पू सिंह विजय पंडित कृष्णा पासवान कामाख्या सेन रंजीत राम राजेश रोशन नरेश सिंह विजय सिंह के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित तीन दूकानों का लॉटरी के माध्यम से किया गया आवंटित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड/लातेहार : महुआडांड दूर्गा बाड़ी परिसर में रविवार को महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में हिन्दू महासभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, पंडित सर्वेश पाठक, रौनियार वैश्य विकास मंच के अध्यक्ष अंतु साव, बृजमोहन जायसवाल, संतोष गुप्ता, अवधेश जायसवाल, मनोज जायसवाल (किराना), सुनील (मनु) सोनी, प्रशांत सिंह, राजू प्रसाद, संजय राय आदि समेत काफी संख्या में हिन्दू महासभा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक में दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित खाली पड़े तीन दूकानो का लॉटरी के माध्यम से कमरा नंबर 1- विद्या शंकर प्रसाद, कमरा नंबर 2- महेन्द्र जायसवाल एवं कमरा नंबर 3- कृष्णा प्रसाद शौण्डिक को आवंटित किया गया। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित खाली पड़े तीन दूकानो के लिए 43 लोगों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ था।

## हेरहंज प्रखंड के 15 मतदान केन्द्रो पर सुनी गई प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100 वां अंक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के हेरहंज प्रखंड में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100 वां अंक रविवार को 15 मतदान केन्द्रो पर भाजपा कार्यकर्ताओ और आम जनो ने मोबाईल और टीबी के माध्यम से देखा और सुना।प्रधान मंत्री के मन की बात को सुनने के लिए कार्यकर्ता मतदान केन्द्रो पर लोगो के साथ समय का इंतजार करते दिखे और 11 बजे से प्रधानमंत्री के मन की बात का सम्बोधन शुरु होते ही सभी मोबाईल और टीबी ,लैपटॉप के सहारे सम्बोधन को सुना। मन की बात कार्यक्रम को लेकर सभी मतदान केन्द्रो पर प्रभारी भी नियुक्त किये गये थे। मतदान केंद्र संख्या 11 मे सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ,भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरबिंद यादव,भाजपा किसान मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष त्रिवेनी भोक्ता, किसान बीरेंद्र दुबे, भाजपा युवा कार्यकर्ता रविन्द्र दुवे, नंदेव गंझु, उदय गंझु, समेत कई भाजपा कार्यकर्तावो किसानो एवं स्कूली बच्चो के साथ कार्यक्रम को सुना।

## महुआडांड : हिन्दू महासभा के मीडिया प्रभारी बने देवानन्द प्रसाद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड/लातेहार : स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में रविवार को महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में हिन्दू महासभा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, पंडित सर्वेश पाठक, रौनियार वैश्य विकास मंच के अध्यक्ष अंतु साव, बृजमोहन जायसवाल, संतोष गुप्ता, अवधेश जायसवाल, मनोज जायसवाल (किराना), सुनील (मनु) सोनी, प्रशांत सिंह, राजू प्रसाद, संजय राय आदि समेत काफी संख्या में हिन्दू महासभा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद थे। बैठक में हिन्दू महासभा के मिडिया प्रभारी के रूप में सर्वसम्मिति से देवानन्द प्रसाद का चयन किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मिडिया प्रभारी के रूप में चयनित होने पर देवानन्द प्रसाद ने हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं हिन्दू महासभा के समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ आपने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है उस विश्वास पर मैं कायम रहूँगा। वही मिडिया प्रभारी के रूप में चयनित होने पर देवानन्द प्रसाद को लोगों ने बधाई दी है।

## विष्णुगढ़ में विधायक समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



इंटर कॉलेज सभागार में मन की बात को सुनते मांडू विधायक समेत कार्यकर्ता

विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज सभागार में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी में प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सुना गया। कार्यक्रम में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल भी मौजूद रहे। इसके अलावा चिकित्सक, प्राध्यापक, शिक्षक, समा. जसेवी, बुद्धिजीवी एवं छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे। विष्णुगढ़ के 24 पंचायतों में करीब-करीब 80 जगहों पर भी श्मन की बातश कार्यक्रम को भी सुना गया। मन की बात को कोडरमा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के बगोदर विधानसभा बूथ संख्या 451, 452, 453 में भी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद विधायक ने कहा कि मन की बात मोदी जी का विजन है। राजनीति से परे हटकर भारत के अंतिम व्यक्ति से संवाद स्थापित एवं सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यो के बीच यह कार्यक्रम सेतु की तरह है। कहा कि आज मन की बात की लोकप्रियता भारत से होते हुए विदेशों के साथ-साथ यूएन में लाइव प्रसारण को सुना गया। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से आज हर भारतीय को गर्व है। कहा कि सभी लोग राजनीति से ऊपर उठकर मन की बात में सुनी गई बातों पर अमल करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। मौके पर सेवानिवृत्त अभियंता जयवीर प्रसाद बर्मन, डॉ योगेंद्र कुमार, प्रो खगपति महतो, प्रो प्रदीप यादव, प्रो अनिल कुमार, प्रो ईश्वर महतो, प्रो भुनेश्वर प्रसाद, प्रो रविशंकर महतो, प्रो मोती राम, प्रो भोला प्रसाद, प्रो संतोष सिंह, प्रभारी सुखदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, संतोष कुमार महतो, महादेव मंडल, राकेश बर्णवाल, गुरु प्रसाद साव, निर्मल कुमार, राजेश सोनी, अंजू देवी, सीमा देवी, बबिता देवी, बासुदेव महतो, जीवन सोनी, महेंद्र राम, संतोष पासवान, विनोद गुप्ता, तुलसी महतो समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड के मनरेगा कर्मी तीन मई तक हड़ताल पर गये

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड/लातेहार : झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले मनरेगा कर्मियों के लंबित मांगों को लेकर, सोमवार 1 मई से 3 मई तक हड़ताल में जाने को लेकर रविवार को महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग को आवेदन सौंपा।प्रखंड के बीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर मनरेगा कर्मियों के स्थायीकरण सहित अन्य लंबित मांगों की पूर्ति हेतु 1 मई से भगवान बिरसा मुंडा जन्म स्थली से रांची राजभवन तक पदयात्रा करने का निर्णय लिया गया है।ये पदयात्रा 1 मई मजदूर दिवस के दिन उलीहातू से आरंभ होकर रांची राजभवन के समक्ष पहुंच, एक दिवसीय धरना दिया जाएगा, इस कार्यक्रम में राज्य भर के सभी मन. रेगा कर्मी उपस्थित रहेंगे। मौके पर चंदन कुमार, अरविंद प्रसाद, सुरेन्द्र राम, रामराज उरांव, महताब आलम, परमेश्वर सिंह, परमेश्वर उरांव अनिमा टोप्पो, रेणु देवी, प्रेमलाल ठीठीयों, देवनिश ठिठियों मौजूद थे

## नैक के द्वारा गठित पियर टीम का हुआ बीएस कॉलेज में आगमन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद(नैक) के द्वारा गठित पियर टीम का आगमन रविवार को बनवारी साहू महाविद्यालय में हुआ।जिसमें टीम के चेयरमैन के रूप मे बिद्या सागर विश्वविद्यालय मिदनापुर(पब)के कुलपति डॉ प्रो दामोदर मिश्रा,कॉर्डिनेटर के रूप में स्कूल ऑफ एजुकेशन महेन्द्रगढ़ हरियाणा के प्रो सारिका शर्मा तथा मेम्बर के रूप में मेरठ कौंज मेरठ उप्र के डॉ एन पी सिंह के द्वारा बनवारी साहू महाविद्यालय का भौतिक सत्यापन किया गया।टीम ने महाविद्यालय के भवन,पुस्तकालय, आईसीटी लैब,परीक्षा बिभाग ,नामांकन बिभाग, लेखाबिभाग,सभी विषयों के बिभाग कक्ष,एन एस एस, प्रयोगशाला,स्मार्ट क्लास रूम, सभागार, बागवानी, मेडिशनल गार्डन,नवग्रह वाटिका,नक्षत्र वाटिका,खेल मैदान, इग्नू, वाहन पार्किंग स्थल ,पेयजल ,कैंटीन, ब०य्ज एवं गर्ल्स कॉमन रूम आदि महाविद्यालय के प्रत्येक संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया इसके अलावा सभी बिभाग के विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक से ब्यक्तिगत रुप से बिभाग में जाकर शैक्षणिक कार्य कलाप की जानकारी प्राप्त की।टीम ने छात्र छात्राओं, पूर्ववर्ती छात्र, अभिभावकों से रूबरू होकर पठन पाठन की गतिविधियों के बारे मे जानकारी प्राप्त की।सभी महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मियों से बारी बारी से मिल कर महाविद्यालय के गतिविधियों की जानकारी प्राप्त किया एवँ कुछ पहलुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।टीम ने महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को उत्तम बनाने हेतु आईक्यूएसी संयोजक को आवश्यक निर्देश दिया।प्राचार्य को उत्तरोत्तर विकाश हेतु परामर्श दिया।इससे पहले पियर टीम का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया।टीम महाविद्यालय का आधारभूत संरचना को देखकर प्रसन्नता ब्यक्त। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, आईक्यूएसी संयोजक प्रो रविन्द्र कुमार, सभी विषयों के प्राध्यापक, तृतीय वर्गीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी तथा छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## विधायक मद से नाली निर्माण कार्य शुरू



**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला स्थित दैनिक बाजार रोड में विधायक अंबा प्रसाद के मद से नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। नाली के ऊपर स्लेव लगाया जाएगा ताकि किसी प्रकार का कचरा नाली में प्रवेश नहीं करें। ज्ञात हो कि उक्त नाली जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की मांग पर विधायक अंबा प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नाली निर्माण कराने का अनुशंसा पत्र जारी किया। ताकि जल्द से जल्द नाली का निर्माण हो सके।

## लातेहार में 14 मई से होगा आर्ट ऑफ लिविंग कोर्स

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : जिले में आगामी 14 मई से आर्ट ऑफ लिविंग का पार्ट-1 कोर्स आयोजित किया जायेगा।इस कोर्स का आयोजन रिटायर्ड जज बीबी सिंह व सुशीला सिंह की अध्यक्षता में की जायेगी।इसकी जानकारी देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के अरुण अग्रवाल ने बताया कि रजिस्ट्रेशन लिंक में निर्धारित राशि का भुगतान कर इस कोर्स को किया जा सकता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि श्री रविशंकर द्वारा निर्मित इस कोर्स कार्यक्रम को पूरे विश्व में मानव उत्थान के लिए मान्यता मिली है।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दिनांक: 30-04-2023

पेज संः 06

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई, 25 वाहन जब्त

## खनन टास्क फोर्स के द्वारा 45 स्थलों पर की गई छापेमारी

### एसडीओ,डीएमओ,डीटीओ,डीएसपी एवं सीओ एवं थाना प्रभारी द्वारा अंचलवार की गयी छापेमारी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा देर रात्रि बड़ी कार्रवइ की गयी। अवैध खनन को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा अलग-अलग अंचल में कुल 45 स्थलों पर एक साथ छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त कुल 45 वाहनों को जप्त किया गया एवं चार मामलों में थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। इस दौरान ट्रैक्टर में भरे गए बालू एवं कोयला को भी जप्त कर लिया गया।

**क्या है मामला**

अवैध बालू खनन होने की सूचना लगातार मिल रही थी जिस पर उपायुक्त के द्वारा जिला खनन टास्क फोर्स की टीम को कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया, जिसके बाद जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा अंचलवार टीम गठित करते हुए छापेमारी आरंभ हुई। जिसमें बरवाडीह में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में कुल तीन स्थलों को निरीक्षण किया गया,जिसमें एक वाहन जप्त किया गया,वही लातेहार अंचल में जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी की गयी छापेमारी के दौरान तुबेद नदी के पास तीन वाहनों को जप्त किया एवं अवैध बालू को खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए औरंगा नदी में तीन स्थलों पर टेंच कटींग की गयी। बालूमाथ अंचल में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं थाना पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी की गयी, जहां अवैध कोयला खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई की गयी,इस दौरान रात्रि में विभिन्न मुख्य सड़कों पर वाहनों की जांच की गयी जहां अवैध कोयला लिए पांच वाहनों को जप्त किया गया,चंदवा अंचल में अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी हुई जहां एक टैक्टर एवं दो बाइक जप्त की गयी एवं अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज करवाया गया। वही दुसरी तरफ बालूमाथ में जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पड़ाधिकारी एवं अंचलाधिकारी छापेमारी हुई जिसमें अवैध कोयला लिए पांच बाइक पर एक टन कोयला को जप्त किया गया एवं एक पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। इसके अलावे बारियातू में दो स्थलों पर छापेमारी कर दो वाहन,छिपादोहर में दो वाहन को जप्त किया गया। इस दौरान अवैध बालू को भी जप्त किया गया।



**जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई से मचा हड़कंप**

अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन का लेकर जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा एक साथ की गयी छापेमारी से अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त माफिओं में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पहली बार एक साथ कुल 45 स्थलों पर छापेमारी की गयी एवं 25 वाहनों को जप्त किया गया,जबकि अवैध बालू एवं कोयले की भी जप्ती की गयी। इस दौरान चार मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज करवायी गयी।

# बड़कागांव तहसील कचहरी के पास गंदे पानी का जमाव कर रहा है शर्मसार

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड मुख्यालय से महज 1 किलोमीटर दूर स्थित बड़कागांव थाना रोड के पास संचालित तहसील कचहरी की प्रांगण की हालत बद से बदतर हो गई है घरों एवं शौचालय से निकलने वाली नाली का गंदा पानी का जमाव हो जा रहा है, तनाव का रूप ले लिया है। गंदा पानी इतना बदबू दे रहा है कि लोगों का ठहरना मुश्किल हो रहा है ।इतना ही नहीं पुस्तकालय भवन भी प्रभावित हो गया है यहां पर भी भारी मात्रा में जल जमाव देखा जा रहा है। तहसील तहसील कचहरी के पास भारी गंदे पानी का जमाव का दृश्य विकास के नाम को शर्मसार कर दे रहा है ।प्रशासन को इस विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जल्द से जल्द पानी की निकासी का व्यवस्था की जा सके। अन्यथा आसपास लोग मलेरिया फलेरिया आदि बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं।

# कुम्हरडीहा में भव्य कलश यात्रा के साथ 5 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

## 4 मई को सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा भक्ति जागरण





**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : नयांटांड पंचायत के कुम्हरडीहा गांव में 5 दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर यज्ञ समिति की देखरेख में शिव भक्तों श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ मंडप मंदिर परिसर से निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म प्रेमी महिला पुरुष आस्था व उत्साह के साथ जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। महिलाएं पीला साडी एवं चुनरी धारण कर कलश को सुसज्जित कर माथे पर धारण कर बड़की नदी एवं डुमारो नदी के दुमुहाने पर विधि विधान से यज्ञाचार्य के मंत्रोच्चार के बीच अपने-अपने कलश में जल भरकर लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय कर यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। जहां पर 5 दिनों तक यज्ञाचार्य के द्वारा विधि विधान से मंत्रोचार के साथ यज्ञ होगा। एवं प्रत्येक दिन संध्याकालीन में प्रवचन हां और भंडारे का आयोजन होगा। वहीं 4 मई को यज्ञ पूर्णाहुति के अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर, बबन छैला एवं उनकी टीम के द्वारा भव्य भक्ति जागरण प्रस्तुत किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, नयाटांड मुखिया लीलावती देवी, कांडतरी मुखिया पारसनाथ महतो, पंसस सदस्य प्रभु राम, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, सबुर महतो, विश्व हिन्दू परिषद के पिंटु गुप्ता, इग्नेश सोनी, लालदेव महतो, प्रेमचंद प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, पूर्व मुखिया अशोक महतो, हेवंती देवी, सत्यम कुमार, खेमलाल महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रभु सिंह, सचिव अरघु महतो, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, उप सचिव राजेंद्र महतो, मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर, पुजारी बोधन महतो, डोमन प्रजापति,जगतपाल ठाकुर, पप्पू प्रजापति, मुरली महतो, हेमंत महतो, मनोज ठाकुर, भवानी महतो, ब्रह्मदेव रवानी, अशोक महतो, जागेश्वर प्रजापति, रविंद्र ठाकुर, पप्पू कुमार सरोज कुमार सिंह, मनोज कुमार समेत हजारों की संख्या में महिला पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए।






## बड़कागांव में सार्वजनिक पार्क एवं पुस्तकालय का अभाव, ग्रामीणों ने सांसद से की मांग


**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : इन दिनों बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में एक सार्वजनिक पार्क एवं पुस्तकालय भवन के अभाव को देखते हुए सिविल सोसाइटी अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के समक्ष मांग रखी है। साथ हिं उन्होंने सांसद श्री सिन्हा से औपचारिक मुलाकात करते हुए बड़कागांव की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया है । अब तक के दिनों देखा जाए तो बड़कागांव क्षेत्र में पुस्तकालय भवन एवं एक सार्वजनिक पार्क अति आवश्यक है पिछले कई वर्षों से लोग पुस्तकालय भवन के मांग अंचल कार्यालय में करते आ रहे थे जो अब तक उन्हें नहीं मिल पाई है।



**बड़कागांव में क्यों है सार्वजनिक पार्क की जरूरत**

इन दिनों बड़कागांव की सड़कों पर कोयला का धूल उड़ता नजर आ रहा है जहां बड़कागांव के बुजुर्ग महिला पुरुष व बच्चे अपने सेहत में सुधार लाने के लिए सुबह सवेरे टहलने के लिए निकलते हैं जहां उन्हें इन धुल कन के कारण दिन-ब-दिन वह और भी अस्वस्थ होते जा रहे हैं आगे श्री गुप्ता ने सांसद को बताया कि बड़कागांव के गुरु चट्टी में करीब 2 एकड़ में फैला तालाब है जिसका उपयोग एक बेहतर पार्क के रूप में किया जा सकता है । अगर बड़कागांव में सार्वजनिक पार्क बन जाती है तो बड़कागांव के लोग काफी उत्साहित होंगे।







**बड़कागांव में क्यों है पुस्तकालय भवन की जरूरत**

बड़कागांव के विद्यार्थी अपने जिले के साथ-साथ कई राज्यों में बड़कागांव का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्हें पुस्तकालय भवन मुहैया करा दिया जाए तो बड़कागांव के बच्चे बेहतर रूप से शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे और इस क्षेत्र का नाम और भी रोशन कर सकेंगे । विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय का अभाव दूर करने से बड़कागांव का समुचित विकास हो सकता है आगे उन्होंने कहा है कि बड़कागांव के कचहरी में तत्कालीन उपायुक्त मनीष रंजन के द्वारा पुस्तकालय भवन बनाया गया था जो किसी कारण बस आगे नहीं बढ़ सका उक्त पुस्तकालय भवन को बेहतर पुस्तकालय यहां के विद्यार्थियों के लिए बनाया जा सकता है।

APEM LIVE

## चंद्रवंशी समाज की बैठक में मंदिर निर्माण पूर्ण की तिथि निर्धारित

### 2024 में भव्य शिव महायज्ञ के आयोजन की तैयारी

### सत्तर लाख की लागत से हो रहा है भव्य सुंदर मंदिर का निर्माण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

बिगहा बाजार स्थित चंद्रवंशी प्रांगण में भव्य शिव मंदिर निर्माण कार्य जारी है। लगभग सतर लाख के सामाजिक सहयोग से बडा शिव मंदिर का निर्माण हो रहा है। रविवार को मंदिर का ढलाई कार्य संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण की रुपरेखा तय करने को लेकर रविवार को अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन सचिव देवधारी चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान ईटखोरी, मयुरहंड व चौपारण से समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और मंदिर निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता जताई। अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी ने बताया कि अगले वर्ष 2024 में मंदिर निर्माण पूर्ण हो जायेगा। इसके बाद महायज्ञ का आयोजन होगा। सचिव देवधारी चंद्रवंशी ने कहा कि सभी लोग मंदिर निर्माण में बढ चढकर हिस्सा ले रहे हैं। इसके निर्माण के लिए प्रति घर इक्कीस सौ रुपए का सहयोग राशि वसुली की जा रही है। परिसर में गरीब वर्ग की शादी महज पंद्रह सौ रुपए में होता है। परिसर की सुंदरता को लेकर सभी कटिबद्ध हैं। इस दौरान मुरली चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, राजेश रवानी,सुनील शेखर, सुनील चंद्रवंशी, ईटखोरी अध्यक्ष लखन चंद्रवंशी, रामजीवन चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी, चौपारण अध्यक्ष छोटु चंद्रवंशी, सचिव ज्ञानी चंद्रवंशी, अनुप चंद्रवंशी, मयुरहंड अध्यक्ष राजु चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, रामाधार चंद्रवंशी, आशीष चंद्रवंशी, लव कुमार चंद्रवंशी, लक्षमण चंद्रवंशी समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।



## जरहिया : भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया बूथ पर भाजपाइयों ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। उसके बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा की प्रधानमंत्री अपनी राजनीति और कूटनीति से भारत को सबसे आगे जाने की और अग्रसर है। बेहतर होता हम भारतवासी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। मौके पर नागेश्वर रजक, समाजसेवी मनोज यादव, नरेश यादव, बीरेंद्र यादव, सिकंदर पंडित, झमन गोप, भतू महतो, लीलो रजक, लोचन यादव, सुरेंद्र यादव, कैलाश भुइयां, हरेंद्र भुइयां, सचिन यादव, मनदीप कुमार, रंजू देवी, सुगन देवी, सरिता देवी, मालती देवी, रेखा देवी, चंद्री देवी, कविलाश देवी, कुमकुम देवी एवं रुकनी देवी सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।









## कोल्हुआकला में भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआक्ला पंचायत में भाजपा के युवा नेता रवि यादव के नेतृत्व में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श मन की बातश का सौवें संस्करण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने काफी उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों लोग एक साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' को सुना। मौके पर स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, पंसस सदस्य प्रभु यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, मुकेश यादव, नकुल कुमार, जितेंद्र कुमार, सीताराम, शशि, चंदन कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि राजेश यादव, बीरेंद्र कुमार, मि. थलेश, विनोद, केशो महतो, सतीश, कैलाश, दिनेश, संतोष, जिबलाल, नन्हू यादव, बालेश्वर ठाकुर, दिनेश, मनोज, मुनीलाल राणा, रोबिन, डिलो पासवन, रामचंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, कुलदीप, संतोष दास, रामु, मथुरा सिंह, किशोरी राणा, प्रसादी ठाकुर, सोनू कुमार, अजय कुमार, भोला पंडित, केदार यादव एवं मनोज यादव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।











